decisions as suggested. The Government of India takes decisions on merits without any interference from any quarter.

गुजरात के पश्चिमी तट पर संयुक्त गश्ती दल

1334. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात के पश्चिमी तट से हथियारों, नशीले पदार्थों और तस्करी के सामान को आने से रोकने के लिये गठित संयुक्त गश्ती दलों में कौन-कौन से सशस्त्र दलों के कार्मिक शामिल हैं ;

(ख) संयुक्त गश्त का मुख्य उद्देश्य क्या है ;

(ग) क्या भारतीय मछुआरों को परेशान किये जाने की कोई सूचना मिली है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०एम० सईद): (क) नौसेना, तटरक्षक बल, सीमा शुल्क और पुलिस के कार्मिकों को संयुक्त गश्ती दलों में शामिल किया गया है ।

(ख) राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों जैसे–हथियारों एवं विस्फोटकों की तस्करी को रोकना ।

(ग) और (घ) गुजरात राज्य में मछुआरों को कथित तौर पर परेशान करने की एक घटना की सूचना 28-10-1994 को प्राप्त हुई । तटवर्ती गश्त के दौरान संयुक्त गश्ती दल ने एक छोटी नौका देखी । दल ने इसे रोकने की कोशिश की लेकिन मछुआरे नाव को बन्दरगाह तक ले गये । गश्ती दल ने नाव का पीछा किया, इसकी तलाशी ली और बाद में इसे छोड़ दिया । मछुआरों और तटवर्ती गश्ती स्टाफ के बीच बैठक में एक आपसी समझौता हो गया । इसलिये, वास्तविक रूप से परेशान किये जाने की अब कोई रिपोर्ट/घटना नहीं है ।

भारतीय नागरिकता प्रदान किया जाना

1335. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1947 में पाकिस्तान द्वारा रखी गई शर्तों और बाद में हुये नेहरू-लियाकत अली समझौते के अनुसार भारत आने वाले हिन्दुओं को अविलंब नागरिकता अधिकार दिया जाना था;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने मामले अब तक लंबित हैं;

(ग) इन लोगों को अभी तक नागरिकता प्रदान न किये जाने के क्या कारण हैं ;

(घ) बम्बई सिने उद्योग में इस समय ऐसे कितने अदाकार कार्यरत हैं जो दोहरी नागरिकता धारण किये हुये हैं अथवा गैर-कानूनी रूप से बम्बई में निवास कर रहे हैं ; और

(ङ) इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट): (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार, इस समय ऐसा कोई व्यक्ति बम्बई में नहीं रह रहा है ।

(ङ) प्रश्न नहीं